“निरीक्षण प्रश्नावली में उचित प्रविष्टि” पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला

संसदीय राजभाषा की तीसरी उपसमिति द्वारा आयोजित होने वाली राजभाषाई निरीक्षण के बारे में जागरूक करने के लिए दिनांक 02.12.2024 को भा.वा.अ.शि.प. मुख्यालय तथा भा.वा.अ.शि.प.-वन अनुसंधान संस्थान, देहरादून के सौजन्य से विषय विशेषज्ञ श्री आशुतोष कुमार तिवारी, उप निदेशक (राजभाषा), भा.कृ.अ.प.-मृदा एवं जल संरक्षण संस्थान, देहरादून के मार्गदर्शन में निरीक्षण प्रश्नावली में उचित प्रविष्टि” विषय पर प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में डॉ. गीता जोशी, सहायक महानिदेशक (मी. व वि.) ने प्रतिभागियों को जागरूक करते हुए इस कार्यशाला की उपयोगिता एवं महत्व के बारे बताया । इसी क्रम में कार्यशाला को आगे बढ़ाते हुए श्री शंकर शर्मा, सहायक निदेशक (राजभाषा) ने हाल ही में भा.वा.अ.शि.प.-वन जैव विविधता संस्थान हैदराबाद में हुए निरीक्षण के दौरान प्राप्त अनुभव तथा महत्वपूर्ण जानकारी साझा किए। इस कार्यशाला में भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद के वैज्ञानिक/अधिकारी/कर्मचारियों तथा परिषद के संस्थानों के अधिकारी/कर्मचारी ऑनलाइन के माध्यम से जुड़े हुए थे। विषय विशेषज्ञ श्री आशुतोष कुमार तिवारी जी ने भी अपने संस्थान में हुए निरीक्षण संबंधी अनुभव भी साझा किए तथा प्रतिभागियों को राजभाषा संबंधी धाराओं तथा सभी आवश्यक नियमों के बारे में बताया। सभी ने निरीक्षण के दौरान होने वाले आवश्यक जानकारी को विस्तार से जाना तथा उन्हे भविष्य में होने वाले निरीक्षण संबंधी आवश्यक तैयारियों के बारे में जागरूक किया गया। कार्यशाला के दौरान प्रश्ननोत्तरी सत्र में प्रतिभागियों के निरीक्षण संबंधी संदेहों को दूर किया गया। । इस कार्यशाला का संचालन श्री शंकर शर्मा, सहायक निदेशक (राजभाषा) द्वारा किया गया। उन्होने प्रतिभागियों द्वारा कार्यशालाओं में उत्साहपूर्ववक प्रतिभागिता हेतु हर्ष प्रकट की तथा भविष्य में आयोजित की जाने वाली कार्यशालाओं में अधिक संख्या में प्रतिभागिता हेतु आशा व्यक्त की।

कार्यशाला की कुछ झलकियां